समाचार

# राजस्व वसूली अभियान

## 20 जनवरी को इन वार्डो में लगेंगे राजस्व वसूली शिविर

कोरबा 19 जनवरी 2021— नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, 05 प्रतिशत जलकर, जलकर, दुकान एवं भवन किराया आदि की बकाया राशि की वसूली हेतु निर्धारित कार्ययोजना अनुसार 18 जनवरी से वार्डो में शिविर लगाए जा रहे हैं। इस कड़ी में बुधवार 20 जनवरी को वार्ड क्र. 04 देवांगनपारा ब्राम्हण मोहल्ला, वार्ड क्र. 03 सामुदायिक भवन राताखार, वार्ड क्र. 24 दुर्गा पण्डाल एम.पी.नगर, वार्ड क्र. 18 गणेश पण्डाल पथर्रीपारा, वार्ड क्र. 35 हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 44 प्रेमनगर आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड क्र. 56 पंखादफाई, वार्ड क्र. 63 बांकी बस्ती सामुदायिक भवन में शिविर लगेंगे। निगम के सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर ने बताया कि विगत 02 दिनों में विभिन्न वार्डो में लगाए गए राजस्व वसूली शिविरों के माध्यम से 15 लाख 90 हजार रूपये के करों की वसूली की गई है, उन्होने बताया कि करदाता इन शिविरों में पहुंच रहे हैं तथा बकाया कर राशि का भुगतान निगम को कर रहे हैं।